E-Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–24/2022.....

## आदेश

प्रस्तुत वाद "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" के अंतर्गत श्री संजीव कुमार (Emp. ID No.- AEN02765), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, लखीसराय द्वारा दाखिल अपील में दिनांक– 02.09.2022 को पारित आदेश द्वारा अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार ने निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश सं0– 2588 दिनांक– 27.08.2021 को रद्द करते हुए वाद को Remand किया है।

वाद की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा आवेदक को दी गई। आवेदक उपस्थित।

आवेदक की संचिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय के पत्रांक– 493 दिनांक– 07.08.2021 द्वारा श्री संजीव कुमार (Emp. ID No.- AEN02765), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन की संविदा अनुबंध रद्द करने की अनुशंसा की गई है। उक्त अनुशंसा के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक–2588 दिनांक– 27.08.2021 द्वारा श्री संजीव कुमार (Emp. ID No.- AEN02765), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन की संविदा रद्द कर दी गई।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक– 04.08.2021 को लखीसराय, बन्दोबस्त कार्यालय एवं शिविर के निरीक्षण के समय श्री कुमार अनुपस्थित पाये गये थे। उक्त अनुपस्थिति के लिए श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गई है, श्री कुमार द्वारा अपने स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि वे अपने शिविर प्रभारी को सूचना देकर अवकाश पर गये थे। इनके द्वारा आगे बताया गया कि अपर मुख्य सचिव के निरीक्षण के कार्यक्रम का निर्धारण दिनांक– 04.08.2021 को हुई थी, जिसकी सूचना दिनांक– 03.08.2021 को 05:35 बजे अपराह्न मिल गया था। इनका कथन है कि शिविर प्रभारी द्वारा मेरा अवकाश दिनांक– 02.08.2021 को ही स्वीकृत कर दिया गया था। Whatsapp group के माध्यम से अपर मुख्य सचिव के कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त होने पर शिविर प्रभारी से मौखिक वार्त्ता में शिविर प्रभारी द्वारा बताया गया कि आप अवकाश पर है, शिविर में आने की जरूरत नहीं है। आवेदक द्वारा अंकित किया गया है कि जिस पत्रांक– 48 दिनांक– 03.08.2021 द्वारा अवकाश रद्द किया गया था, उसकी सूचना मुझे प्राप्त नहीं कराई गई थी। श्री कुमार ने अंकित किया है कि यह मेरी पहली सरकारी नौकरी थी, इसलिए मुझे पता नहीं था कि कोई दल निदेशालय/विभाग से आते है तो छुट्टी रद्द हो जाती है। इसके लिए आवेदक ने क्षमा याचना की है।

इसी प्रकार के अन्य मामले श्री आनंद कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन, लखीसराय के अपील अभ्यावेदन सं0– 03/भू0अ0नि0 (03) विविध– 06/2022 को अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार द्वारा अपने आदेश पत्रांक– 1702 दिनांक– 12.07.2022 द्वारा स्वीकृत किया गया है।

आवेदक द्वारा अपने कृत्य के संबंध में माफी मांगने एवं भविष्य में सर्वे कार्य ससमय करने के आश्वासन देने एवं सदृश्य मामले में अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार द्वारा श्री आनंद कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन, लखीसराय के अपील अभ्यावेदन को स्वीकृत किए जाने के कारण श्री संजीव कुमार (Emp. ID No.- AEN02765), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को दो माह के मानदेय राशि की कटौती कर संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से बंहाल किया जाता है। साथ ही श्री संजीव कुमार की बर्खास्तगी की तिथि से योगदान की तिथि के बीच की अवधि तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।

ह0/–

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील 24 / 2022...1679...........पटना, दिनांक :–20/02/2023

**प्रतिलिपिः–** श्री संजीव कुमार (Emp. ID No.- AEN02765) , पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय, Email- sanjeev04121987@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

**(अनिल कुमार सिंह)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील –24/ 2022...1679...........पटना, दिनांक :–20/02/2023

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील –24/ 2022...1679...........पटना, दिनांक :–20/02/2023

**प्रतिलिपिः–** संबंधित स्थापना, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–24 / 2022...1679...........पटना, दिनांक :–20/02/2023

**प्रतिलिपिः–** निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –24/ 2022...1679...........पटना, दिनांक :–20/02/2023

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप